# आयुक्त ने श्रमदान कर सफाई में सहयोग करने के दिलाए शपथ

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 36 श्याम नगर में रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं स्थानीय पार्षद विनोद चेलक द्वारा टाटा लाईन उद्यान में सफाई कर नागरिकों को घर, मोहल्लो, सार्वजनिक जगहो पर सफाई में सहयोग करने व जागरूकता लाने सभी की उपस्थिति में श्रमदान किया गया है। उपस्थित मोहल्ले वासियों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। पर्यावरण को हरा–भरा बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, युक्ति देवांगन सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा एवं रजत जयंती के अवसर पर जोन 02 वैशाली नगर अंतर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों का सर्दी, खांसी, बीपी, शुगर, खून जांच कर दवाई वितरण किया गया है। जोन क्रमांक 04 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार के स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता का संदेश देने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिको को जागरूक किया गया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अन्य कर्मचारीगण सहित सफाई कर्मियों की उपस्थिति में सफाई का संदेश देते हुए शपथ दिलाया गया।

